6 - I
28/5/18

कॉलेज लेक्चरर सारंगी परीक्षा - 2018

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No. 815461

# LC-91

**Subject Code : 01**

**विषय / SUBJECT :**
**SARANGI INSTRUMENT**

## PAPER - I

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

01

1. शारंगदेव के शुद्ध और विकृत स्वरों की संख्या है
(1) 7 शुद्ध 12 विकृत
(2) 7 शुद्ध 5 विकृत
(3) 7 शुद्ध 11 विकृत
(4) 5 शुद्ध 18 विकृत

2. 'जीव-स्वर' अथवा 'अंश-स्वर' किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?
(1) अनुवादी
(2) उदात्त
(3) वादी
(4) संचारी

3. 9/8 का अंतराल किसके समकक्ष है ?
(1) 51.1 सेवर्ट
(2) 45.8 सेवर्ट
(3) 28 सेवर्ट
(4) 61.1 सेवर्ट

4. नारायण मोरेश्वर खरे को किसलिये जाना जाता है ?
(1) दसविध-राग
(2) रागांग-राग
(3) ग्राम-मूर्च्छना
(4) प्रबंध-जाति

5. निम्नलिखित में से किन ग्रंथों में राग-रागिनी वर्गीकरण का उल्लेख है :
I. संगीत मकरंद
II. संगीत दर्पण
III. राग तरंगिनी
IV. नाट्य शास्त्र
(1) I, II, III एवं IV
(2) I, III एवं IV
(3) II, III एवं IV
(4) I, II एवं III

1. Shudha and Vikrit swaras according to Sharang dev are –
(1) 7 Shudha 12 Vikrit
(2) 7 Shudha 5 Vikrit
(3) 7 Shudha 11 Vikrit
(4) 5 Shudha 18 Vikrit

2. 'Jeev Swara' or 'Ansha-Swara' is also known as –
(1) Anuvadi
(2) Uddata
(3) Vadi
(4) Sanchari

3. 9/8 interval is equivalent to –
(1) 51.1 sevart
(2) 45.8 sevart
(3) 28 sevart
(4) 61.1 sevart

4. Narayan Moreshwar Khare is known for –
(1) Dasvidh - Raga
(2) Ragang - Raga
(3) Gram - Murchhna
(4) Prabandh - Jati

5. Raga-Rajani classification is mentioned in which of the following texts :
I. Sangeet Makrand
II. Sangeet Darpan
III. Rag Tarangini
IV. Natya Shastra
(1) I, II, III and IV
(2) I, III and IV
(3) II, III and IV
(4) I, II and III

6. अहोबल के श्रुति स्वर स्थान के आधार पर सुमेलित करें :

| सूची-I स्वर | | सूची-II श्रुति | |
|---|---|---|---|
| a. | पूर्व ग | I. | 9 |
| b. | तीव्रतर रे | II. | 22 |
| c. | पूर्व नि | III. | 7 |
| d. | तीव्रतर ध | IV. | 20 |

सही कूट को चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | III | I | IV | II |
| (4) | II | IV | I | III |

7. शुद्ध स्वर सप्तक में, यदि श्रुति क्रम – 1, 5, 8, 10, 14, 18, 21 है, तो वह किस काल को इंगित करता है ?

(1) वैदिक

(2) मध्य काल

(3) प्राचीन काल

(4) आधुनिक काल

8. 'रे ध' कोमल तथा 'ग नि' तीव्र, किसके लक्षण हैं ?

(1) परमेल प्रवेशक राग के

(2) ग्राम राग के

(3) संधि प्रकाश राग के

(4) ऋतु कालीन राग

9. **अभिकथन (A) :** कर्नाटक संगीत में रागों के समय सिद्धान्त की अवधारणा नहीं है ।

**कारण (R) :** कर्नाटक संगीत में रागदारी पद्धति नहीं है ।

सही विकल्प को चुनें :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(3) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

6. Match the 'Shruti-Swara-Sthanas' according to Ahobal :

| | List-I (Swara) | | List-II (Shruti) |
|---|---|---|---|
| a. | **Poorva Ga** | I. | 9 |
| b. | **Teevrtar re** | II. | 22 |
| c. | **Poorva Ni** | III. | 7 |
| d. | **Teevrtar Dha** | IV. | 20 |

Choose the correct code :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | III | I | IV | II |
| (4) | II | IV | I | III |

7. Shruti order – 1, 5, 8, 10, 14, 18, 21 palced in a 'Shudha Swara Saptak', denotes which period ?

(1) Vedic period

(2) Medieval period

(3) Ancient period

(4) Modern Period

8. 'Re Dha' Komal and 'Ga Ni' Teevra is the characteristic of –

(1) Parmel Praveshak Raga

(2) Gram Raga

(3) Sandhi Prakash Raga

(4) Seasonal Raga

9. **Assertion (A) :** Karnatak music doesn't have the concept of Time-theory of Ragas.

**Reasons (R) :** Ragdari system doesn't prevail in Karnatak Music.

Select the correct option :

(1) (A) and (R) both are correct.

(2) (A) is correct but (R) is wrong.

(3) (A) is wrong but (R) is correct.

(4) (A) and (R) both are wrong.

10. भिन्न को चुनिये :
(1) कल्लिनाथ
(2) केशव
(3) कोहल
(4) सिंह भूपाल

11. प्राचीन विद्वानों ने शुद्ध मध्यम को किस श्रुति पर रखा है ?
(1) 13वीं
(2) 14वीं
(3) 12वीं
(4) 15वीं

12. भातखंडे के किन स्वरों की आंदोलन-संख्या, पाश्चात्य स्वरों से मेल नहीं खाती ?
(1) सा – प
(2) म कोमल – तीव्र रे
(3) ग तीव्र – ध तीव्र
(4) ग कोमल – तार सां

13. राग में, वादी-स्वर के बदलाव के परिणाम स्वरूप, निम्नलिखित में से किनमें परिवर्तन आता है :
I. गायन शैली में
II. राग की जाति में
III. राग के गायन समय में
IV. राग के स्वरूप में
(1) I एवं II
(2) II एवं III
(3) III एवं IV
(4) I, III एवं IV

14. किस ग्रंथ में, 'बिलावल' को 'शुद्ध स्वर सप्तक' माना गया है ?
(1) नग्माते आसफी
(2) नाट्य शास्त्र
(3) संगीत रत्नाकर
(4) बृहद्देशी

10. Choose the odd one :
(1) Kallinath
(2) Keshav
(3) Kohal
(4) Singh Bhupal

11. 'Shudha-Madhyam' is placed on which shruti according to the ancient scholars ?
(1) 13th
(2) 14th
(3) 12th
(4) 15th

12. Frequency of which swaras of Bhatkhande doesn't match with the western swaras ?
(1) Sa - Pa
(2) Ma Komal –Teevra Re
(3) Ga Teevra – Dha Teevra
(4) Ga Komal – Taar Sa

13. Change in Vadi-Swara, in a raga consequently changes which of the following features :
I. Form of Singing
II. Jati of raga
III. Gayan Samaya of a raga
IV. Swaroop of a raga
(1) I and II
(2) II and III
(3) III and IV
(4) I, III and IV

14. Bilawal is accepted as -Sudha-swara-Saptak' in which of the treatise ?
(1) Nagmate Aasafi
(2) Natya Shastra
(3) Sangeet Ratnakar
(4) Brihaddeshi

15. कल्याण–थाट के 'रे' को यदि एक सेमीटोन नीचे उतार दिया जाय, तो वह किस अन्य थाट को दर्शायेगा ?

(1) काफी

(2) खमाज

(3) बिलावल

(4) मारवा

16. लोचन के 'श्रुति–स्वर–स्थान' के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सुमेलित नहीं है :

| | स्वर | | श्रुति |
|---|---|---|---|
| (1) | ग | – | 9 |
| (2) | म | – | 13 |
| (3) | प | – | 16 |
| (4) | ध | – | 20 |

17. 'संगीत राग कल्पद्रुम' के लेखक हैं

(1) सोमनाथ

(2) श्रीनिवास

(3) एस.एम.टैगोर

(4) कृष्णानंद व्यास

18. भरत ने कितने विकृत स्वरों का उल्लेख किया है ?

(1) 2

(2) 5

(3) 20

(4) 7

19. अन्तर–गंधार युक्त मूर्छना को कहते हैं

(1) सकाकली

(2) सांतरा

(3) पौरवी

(4) रम्या

15. If the 'Re' of 'Kalyan Thaat' is lowered by one semitone, it will reveal which other 'Thaat' ?

(1) Kafi

(2) Khamaj

(3) Bilawal

(4) Marva

16. Which pair is not matched correctly according to the 'Shruti-Swara Sthanas' of Lochan :

| | **Swara** | | **Shruti** |
|---|---|---|---|
| (1) | Ga | – | 9 |
| (2) | Ma | – | 13 |
| (3) | Pa | – | 16 |
| (4) | Dha | – | 20 |

17. 'Sangeet Raga Kalpdrum' is written by –

(1) Somnath

(2) Shrinivas

(3) S.M. Tagore

(4) Krishnanand Vyas

18. How many 'Vikrit-Swaras' are mentioned by Bharat ?

(1) 2

(2) 5

(3) 20

(4) 7

19. Murchhna consisting of 'Antar-Gandhar' is known as –

(1) Sakakli

(2) Santra

(3) Paurvi

(4) Ramya

20. एक छोटे 'राग–वाचक–स्वर–समूह' को कहते हैं
(1) ठाय
(2) ठाह
(3) स्थाई
(4) आरोह

21. कोई रचना जो केवल धुन है, कहलाती है
(1) होमोफॉनी
(2) मोनोफॉनी
(3) पॉलीफॉनी
(4) सोनोरिटी

22. "गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीत मुच्यते", – संगीत की यह परिभाषा किस ग्रंथ में दी गई है ?
(1) नाट्यशास्त्र
(2) संगीत रत्नाकर
(3) दत्तिलम्
(4) बृहद्देशी

23. प्राचीन ग्रंथों में, शिव और पार्वती को किस रूप में अभिव्यक्त किया गया है ?
(1) निर्गीत – बहिर्गीत
(2) मार्गी – देशी
(3) ग्राम – मूर्च्छना
(4) ताण्डव – लास्य

24. जो संगीत परिष्कृत है तथा जिसे प्रस्तुत करने की योग्यता अर्जित करनी होती है, वह है
(1) मार्गी संगीत
(2) लोक संगीत
(3) जनजातीय संगीत
(4) देशी संगीत

20. A small 'Raga-Vachak-Swara-Samooh' is known as –
(1) Thaay
(2) Thaah
(3) Sthai
(4) Aroha

21. Any composition which is only a melody, is called :
(1) Homophony
(2) Monophony
(3) Polyphony
(4) Sonority

22. The definition – "Geetam Vadyam tatha Nrityam Trayam Sangeet Muchyate", is given in which text ?
(1) Natya Shastra
(2) Sangeet Ratnakar
(3) Dattilam
(4) Brihaddeshi

23. In the ancient texts, Shiva and Parvati are manifested as –
(1) Nirgeet – Bahirgeet
(2) Margi – Deshi
(3) Gram – Murchhna
(4) Tandav – Lasya

24. Refined and systematic music, which needs required skill is –
(1) Margi Sangeet
(2) Lok Sangeet
(3) Tribal Music
(4) Deshi Sangeet

25. वैदिक वाद्यों को इंगित करने वाली सही जोड़ी को चुनिये :
(1) गोधा – पिंग
(2) आघाटि – सितार
(3) कर्करी – बेला
(4) सारंगी – कमायचा

26. निम्नलिखित सप्तक का, पाँचवाँ स्वर क्या है :
I. क्रुष्ट, II. प्रथम, III. द्वितीय, IV. तृतीय, V. ………… VI. मंद्र, VII. अतिस्वार्य
(1) उदात्त
(2) चतुर्थ
(3) आर्चिक
(4) तार

27. इसराज में मुख्य तार कितने होते हैं ?
(1) 6 (2) 3
(3) 4 (4) 2

28. प्राचीन विद्वानों के अनुसार सप्ततंत्री व नवतंत्री वीणा को कहते थे –
(1) चित्रा – विपंची
(2) मत्तकोकिला – चित्रा
(3) मार्गी – विपंची
(4) मार्गी – सरस्वती

29. सुमेलित कीजिये :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | पुंडरीक विट्ठल | I. | राग तरंगिनी |
| b. | लोचन | II. | संगीत दर्पण |
| c. | रामामात्य | III. | स्वर मेल कला निधि |
| d. | दामोदर | IV. | सद्राग चन्द्रोदय |

सही विकल्प चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | III | II |
| (2) | III | II | IV | I |
| (3) | I | IV | II | III |
| (4) | II | III | I | IV |

25. Select the correct pair consisting of Vedic Instruments :
(1) Godha – Ping
(2) Aghati – Sitar
(3) Karkari – Bela
(4) Sarangi – Kamaycha

26. Which was the fifth swara of the following scale :
I. Krushta, II. Pratham, III. Dvitiya, IV. Tritiya, V. …., VI. Mandra, VII. Atiswarya
(1) Uddatta (2) Chaturtha
(3) Archik (4) Taar

27. How many main strings are there in Israj ?
(1) 6 (2) 3
(3) 4 (4) 2

28. According to ancient scholars, seven and nine string veenas were known as –
(1) Chitra – Vipanchi
(2) Mattkokila – Chitra
(3) Margi – Vipanchi
(4) Margi – Saraswati

29. Match the following :

| List–I | | List-II |
|---|---|---|
| a. Pundrik Vitthal | I. | Raga Tarangini |
| b. Lochan | II. | Sangeet Darpan |
| c. Ramamatya | III. | Swara mela kala nidhi |
| d. Damodar | IV. | Sadrag Chandrodaya |

Choose the corrrect option :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | I | III | II |
| (2) | III | II | IV | I |
| (3) | I | IV | II | III |
| (4) | II | III | I | IV |

30. निम्नलिखित रचनाओं को उनके विकास के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. ऋक

II. ध्रुपद

III. सालगसूड

IV. ध्रुवा

(1) III I IV II
(2) IV I II III
(3) I IV III II
(4) I II IV III

31. चित्रा वीणा का वादन होता था –

(1) गज के द्वारा
(2) पत्ते के द्वारा
(3) कोण के द्वारा
(4) अँगुलियों के द्वारा

32. निम्नलिखित को उनके विकास के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. पुष्कर

II. सरोद

III. भूमि दुंदुभी

IV. सिन्थेसाइज़र

(1) II I III IV
(2) III I II IV
(3) III IV II I
(4) II III I IV

33. 'मागधी', 'अर्द्ध मागधी', 'संभाविता' और 'पृथुला' हैं

(1) चतुर्विध यति
(2) चतुर्विध मूर्च्छना
(3) चतुर्विध गीति
(4) चतुर्विध लय

34. भिन्न को चुनिये :

(1) सिंगी
(2) मुख वीणा
(3) शंख
(4) गोटु वाद्य

30. Arrange the following forms in chronological order :

I. Rika

II. Dhrupad

III. Salagsud

IV. Dhruva

(1) III I IV II
(2) IV I II III
(3) I IV III II
(4) I II IV III

31. Chitra veena was played by –

(1) Bow
(2) Reed
(3) Pluctrum
(4) Fingers

32. Sequence the following instruments in chronological order :

I. Pushkar

II. Sarod

III. Bhumi Dundubhi

IV. Synthesizer

(1) II I III IV
(2) III I II IV
(3) III IV II I
(4) II III I IV

33. 'Magdhi', 'Ardha Magdhi', 'Sambhavita' and 'Prithula' are –

(1) Chaturvidh Yati
(2) Chaturvidh Murchhana
(3) Chaturvidh Geeti
(4) Chaturvidh Laya

34. Choose the odd one :

(1) Singi
(2) Mukh Veena
(3) Shankh
(4) Gotu Vadya

35. वैदिक कालीन सुषिर वाद्यों को दर्शाने वाली सही जोड़ी को चुनिए :
(1) नाली – तूणव
(2) प्रणव – नड़
(3) अरण्य – उह्य
(4) वायुवी – ध्रुवी

36. उपनिषद कालीन 'नखी', किसके समान थी ?
(1) मिजराब
(2) गज
(3) अँगुली
(4) झाँझ

37. भिन्न को चुनिये :
(1) ब्राह्मी वीणा
(2) घोषा
(3) एकतंत्री
(4) मत्तकोकिला

38. 'नि:शंक–वीणा' का सर्वप्रथम उल्लेख है
(1) नाट्यशास्त्र में
(2) संगीत रत्नाकर में
(3) भरत भाष्यम् में
(4) संगीत चूड़ामणि में

39. 'सारंगी' का सर्वप्रथम उल्लेख प्राप्त होता है
(1) संगीत पारिजात में
(2) स्वर मेल कला निधि में
(3) संगीत राज में
(4) संगीत समय सार में

40. आर्चिक, गाथिक तथा सामिक में, क्रमश: कितने स्वर होते हैं ?
(1) 2, 1, 3
(2) 1, 2, 3
(3) 2, 2, 3
(4) 2, 4, 3

35. Select the correct pair depicting 'Sushir-Vadyas' of vedic period :
(1) Naali – Tunav
(2) Pranav – Nada
(3) Aranya – Uhya
(4) Vayuvi – Dhruvi

36. 'Nakhi' of upnishad period is similar to –
(1) Mijrab
(2) Bow
(3) Finger
(4) Jhanjh

37. Choose the odd one :
(1) Brahmi Veena
(2) Ghosha
(3) Ektantri
(4) Mattkokila

38. 'Nishank-Veena' is firstly mentioned in –
(1) Natya Shastra
(2) Sangeet Ratnakar
(3) Bharat Bhashyam
(4) Sangeet Chudamani

39. Mention of 'Sarangi' is firstly found in –
(1) Sangeet Parijat
(2) Swara Mela Kala Nidhi
(3) Sangeet Raj
(4) Sangeet Samay Sar

40. 'Archik', 'Gathik' and 'Samik' contains how many swaras respectively ?
(1) 2, 1, 3
(2) 1, 2, 3
(3) 2, 2, 3
(4) 2, 4, 3

41. तबले की पुड़ी पर लगाई गई स्याही की न्यूनाधिक मात्रा निश्चित करती है
(1) तबले के स्वर को
(2) तबले के बोलों को
(3) तबले की तकनीक को
(4) तबले की लय को

42. स्वरों के लिये 'कोमल' और 'तीव्र' संज्ञा का उल्लेख, सर्वप्रथम किस विद्वान ने किया ?
(1) भातखंडे (2) लोचन
(3) शारंगदेव (4) अभिनव गुप्त

43. 'गात्र-वीणा' जानी जाती है
(1) 3 तंत्रियों के लिये
(2) काष्ठाधार के लिये
(3) गूँज के लिये
(4) अँगुलियों के माध्यम से, प्रयुक्त स्वरों के संकेत के लिये

44. कौन सा नृत्य, भरत नाट्यम और कथकलि के सम्मिश्रण से बना है ?
(1) कथक
(2) मणिपुरी
(3) मोहिनीअट्टम
(4) कुचिपुड़ी

45. कथकलि नृत्य को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने का श्रेय किस संगीतज्ञ को है ?
(1) पंकज चरणदास
(2) प्रोतिमा बेदी
(3) केरल वर्मा
(4) बिरजू महाराज

46. किस नृत्य-शैली में भरतनाट्यम् तथा ओडिसी दोनों की विशेषताओं का समावेश है ?
(1) कुचिपुड़ी
(2) छाऊ
(3) मोहिनीअट्टम
(4) सत्रिया

41. Quantity of 'Siyahi' applied to the 'Pudi' of 'Tabla', determines –
(1) Pitch of Tabla
(2) Bol of Tabla
(3) Technique of Tabla
(4) Laya of Tabla

42. Who was the first to mention the term 'Komal and Teevra' for swaras ?
(1) Bhatkhande (2) Lochan
(3) Sharang dev (4) Abhinav Gupta

43. 'Gaatra-Veena' is known for its –
(1) 3 strings
(2) Base of wood
(3) Resonance
(4) Depiction of swara-symbols through finger

44. Which dance is the combination of Bharat-Natyam and Kathkali ?
(1) Kathak
(2) Manipuri
(3) Mohiniattam
(4) Kuchipudi

45. Which musician is renowned for establishing Kath-kali dance to its present form ?
(1) Pankaj Charandas
(2) Protima Bedi
(3) Keral Verma
(4) Birju Maharaj

46. Which Dance-form involves the qualities of Bharat-Natyam and Odissi both ?
(1) Kuchipudi
(2) Chhau
(3) Mohiniattam
(4) Satriya

47. कौन सी जोड़ी सुमेलित नहीं है :
(1) मायाधर राउत – ओड़िसी
(2) वेम्पतिचिन्नासत्यम् – मोहिनीअट्टम
(3) शंकरन् नंबूदरीपाद – कथकलि
(4) रुक्मिणी देवी – भरतनाट्यम्

48. मणिपुरी नृत्य की मुख्य विशेषता है
(1) वर्णम्
(2) गत
(3) सुकुमार अंग संचालन
(4) तोड़ा

49. सत्रिया–नृत्य का उद्‌गम है
(1) महाराष्ट्र से
(2) छत्तीसगढ़ से
(3) असम से
(4) मणिपुर से

50. 'अलारिपु' किस नृत्य का प्रारंभिक हिस्सा है ?
(1) भरतनाट्यम
(2) सत्रिया
(3) मोहिनीअट्टम
(4) कथकलि

51. 'सेनिया–घराना' किसके लिये जाना जाता है ?
(1) नृत्य
(2) सितार
(3) टप्पा
(4) ठुमरी

52. भिन्न को चुनिये :
(1) कृति
(2) पदम
(3) वर्णम्
(4) त्रिवट

47. Which pair is not matched correctly :
(1) Mayadhar Raut – Odissi
(2) Vempattichinna Satyam – Mohiniattam
(3) Shankaran Nambudaripad – Kathkali
(4) Rukmini Devi – Bharatnatyam

48. Main characteristics of Manipuri dance is –
(1) Varnam
(2) Gat
(3) Tender body movements
(4) Toda

49. Satriya-dance is originated from –
(1) Maharashtra
(2) Chhattisgarh
(3) Assam
(4) Manipur

50. 'Alaripu' is an opening part of which of the following dances ?
(1) Bharatnatyam
(2) Satriya
(3) Mohiniattam
(4) Kathkali

51. 'Senia-Gharana' is known for –
(1) Dance
(2) Sitar
(3) Tappa
(4) Thumri

52. Choose the odd one :
(1) Kriti
(2) Padam
(3) Varnam
(4) Trivat

53. भिन्न को चुनिये :
(1) बंदे अली खान, ग्वालियर
(2) सादिक अली, रामपुर
(3) दबीर खान, इंदौर
(4) कुमार गंधर्व, देवास

54. सही कथन को चुनिये :
(1) हिंदुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत की ताल-पद्धति समान है ।
(2) कर्नाटक संगीत की प्रमुख गायन शैली है – ध्रुपद ।
(3) जावलि, ठुमरी के समकक्ष है ।
(4) हिंदुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत दोनों में तबला संगति प्रयुक्त होती है ।

55. किस रचना में कृति के विभिन्न खंडों को विभिन्न रागों में गाया जाता है ?
(1) राग मालिका
(2) चतुरंग
(3) स्वर मालिका
(4) चित्त स्वर

56. नेरावल का अभिप्राय है
(1) गमक
(2) सरगम
(3) कूटतान
(4) बोलतान व बोलालाप

57. त्यागराज की पंचरत्नम् कृति में प्रयुक्त रागों को दर्शाने वाले सही समूह को इंगित करें :
(1) दीपिनी, अहीरी, रीति गौल, श्री, काम्भोजी
(2) श्री, देवगंधार, काम्भोजी, शंकराभरण, नाट
(3) कल्याणी, वराली, मुखारी, गौल, सावेरी
(4) नाट, गौड़, वराली, आरभी, श्री

53. Choose the odd one :
(1) Bande Ali Khan, Gwalior
(2) Sadik Ali, Rampur
(3) Dabir Khan, Indore
(4) Kumar Gandharva, Devas

54. Select the correct statement :
(1) Hindustani and Karnatak both have similar tala-system.
(2) Main singing style of Karnatak music is Dhrupad.
(3) Javli is equivalent to Thumri.
(4) Tabla-Sangati is used both in Hindustani and Karnatak music.

55. Different ragas are used to present various parts of a Kriti in which composition ?
(1) Raga malika
(2) Chaturang
(3) Swara malika
(4) Chitta Swara

56. Neraval denotes :
(1) Gamak
(2) Sargam
(3) Koot tana
(4) Boltana and Bolalap

57. Identify the correct group consisting the ragas of Tyagraj's panchratnam Kritis :
(1) Depini, Ahiri, Riti Gaul, Shree, Kambhoji
(2) Shri, Devangdhar, Kambhoji, Shankarabharan, Naat
(3) Kalyani, Varali, Mukhari, Gaul, Saveri
(4) Naat, Gaud, Varali, Aarbhi, Shri

58. सही कथन को चुनें :

(1) पल्लवी, अनुपल्लवी तथा चरण, कीर्तनम् तथा कृति के मुख्य विभाग हैं ।

(2) कृति बहुत ही सरल रचना है तथा केवल प्रचलित रागों में ही निबद्ध होती है ।

(3) कृति तथा कीर्तनम् दोनों ही शृंगार प्रधान गायन-शैलियाँ हैं ।

(4) कृति हिंदुस्तानी ध्रुपद के समान है ।

59. कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति को इंगित करने वाले सही समूह को चुनें :

(1) त्यागराज, मुत्तु स्वामी, श्यामाशास्त्री

(2) स्वाति तिरुनाल, श्यामाशास्त्री, त्यागराज

(3) बालमुरली कृष्ण, त्यागराज, श्यामाशास्त्री

(4) श्यामाशास्त्री, स्वाति तिरुनाल, मुत्तुस्वामी

60. एक ही समय में, जब एक से अधिक मेलोडी को मिला दिया जाता है, तो वह है

(1) काउंटर पॉइंट हारमनी

(2) सिंकोपेशन

(3) स्लर

(4) स्टैकेटो

61. हारमनी का मूल लक्षण है

(1) 9 श्रुति संवाद

(2) 13 श्रुति संवाद

(3) एक के बाद एक स्वरों का प्रयोग

(4) 3-4 स्वरों का एक साथ प्रयोग

62. "टोन, सेमी-टोन, टोन, टोन, सेमी-टोन, टोन, टोन" के क्रम में नियत किए गए स्वर, किस हिंदुस्तानी थाट को दर्शाते हैं ?

(1) भैरवी

(2) आसावरी

(3) काफी

(4) तोड़ी

58. Select the correct statement :

(1) Pallavi, Anupallavi and Charan are the essential components of Kirtanam and Kriti.

(2) Kriti is a very simple composition composed in prachlit ragas only.

(3) Kriti and Kirtanam both are 'Shringar Pradhan' singing forms.

(4) Kriti is similar to Hindustani Dhrupad.

59. Select the correct group indicating Trinity of Karnatak music :

(1) Tyagraj, Muttu Swami, Shyama Shastri

(2) Swati Tirunal, Shyama Shashtri, Tyagraj

(3) Balmurli Krishna, Tyagraj, Shyama Shastri

(4) Shyama Shastri, Swati Tirunal, Muttu Swami

60. Rendering more than one melody at a time is known as –

(1) Counter Point Harmory

(2) Syncopation

(3) Slur

(4) Staccato

61. Identify the basic character of Harmony :

(1) 9 Shruti Samvad

(2) 13 Shruti Samvad

(3) Successive rendering of notes

(4) Simultaneous rendering of 3-4 notes

62. Swaras arranged in the order of – "Tone, Semi-Tone, Tone, Tone, Semi-Tone, Tone, Tone", depicts the structure of which Hindustani 'Thaat' ?

(1) Bhairavi

(2) Asawari

(3) Kafi

(4) Todi

63. क्विन्टैट रचना को प्रदर्शित करने के लिये कितने गायकों की आवश्यकता होती है ?

(1) 4 (2) 5
(3) 10 (4) 15

64. सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | हेप्टाटोनिक | I. | षाडव |
| b. | हेक्साटोनिक | II. | औडव |
| c. | प्यूटाटोनिक | III. | सप्तक |
| d. | ऑक्टेव | IV. | संपूर्ण |

सही विकल्प चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | II | I | IV |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | II | IV | III | I |
| (4) | I | III | II | IV |

65. निम्नलिखित 'स्केल्स' को उनके विकास के कालक्रमानुसार इंगित कीजिए :

I. मीनटोन टेम्परामेंट स्केल
II. डायटोनिक स्केल
III. पायथागोरस स्केल

(1) III II I
(2) II III I
(3) I III II
(4) I II III

66. सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | डोमिनैन्ट फिफ्थ | I. | पंचम भाव |
| b. | मीडिएंट थर्ड | II. | विकृत स्वर |
| c. | सबडोमिनैन्ट फोर्थ | III. | मध्यम भाव |
| d. | मोडिफाइड नोट | IV. | अनुवादी |

सही विकल्प चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | II | I | IV |
| (2) | II | III | IV | I |
| (3) | I | IV | III | II |
| (4) | IV | I | IV | III |

63. How many singers are needed to render the musical composition Quintet ?

(1) 4 (2) 5
(3) 10 (4) 15

64. Match the following :

| List–I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| a. | Heptatonic | I. | Shadav |
| b. | Hexatonic | II. | Audav |
| c. | Plutatonic | III. | Saptak |
| d. | Octave | IV. | Sampurna |

Choose the correct option :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | II | I | IV |
| (2) | IV | I | II | III |
| (3) | II | IV | III | I |
| (4) | I | III | II | IV |

65. Arrange the following scales in chronological order :

I. Mean tone temperament scale
II. Diatonic scale
III. Pythagorus scale

(1) III II I
(2) II III I
(3) I III II
(4) I II III

66. Match the following :

| List–I | | List–II | |
|---|---|---|---|
| a. | Dominant 5th | I. | Pancham Bhava |
| b. | Mediant 3rd | II. | Vikrit Swara |
| c. | Subdominant 4th | III. | Madhyam Bhava |
| d. | Modified Note | IV. | Anuvadi |

Choose the correct option :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | II | I | IV |
| (2) | II | III | IV | I |
| (3) | I | IV | III | II |
| (4) | IV | I | IV | III |

67. नाद का ऊँचा नीचापन निर्भर करता है
(1) नाद के छोटे बड़े पन पर
(2) आंदोलन संख्या पर
(3) विभिन्न वाद्य ध्वनियों पर
(4) इलेक्ट्रोनिक ध्वनि पर

68. पियानो पर हारमनी–संगीत प्रदर्शित करने के लिये कौन सा स्केल उपयुक्त है ?
(1) नेचुरल स्केल
(2) मेजर स्केल
(3) माइनर स्केल
(4) ईक्वली टेम्पर्ड स्केल

69. 'समानान्तरालीय सप्तक', किन वाद्यों के लिये अस्तित्व में आया ?
(1) घन वाद्य
(2) अवनद्ध वाद्य
(3) बँधे स्वर वाले वाद्य
(4) सुषिर वाद्य

70. ठुमरी गायन के अंतिम भाग में किसका प्रयोग किया जाता है ?
(1) परन
(2) लग्गी लड़ी
(3) कायदा
(4) पेशकार

71. ठुमरी गायन के लिये, निम्नलिखित में से कौन से संगीतज्ञ प्रसिद्ध रहे हैं ?
(1) रियाज़ुद्दीन
(2) फहीमुद्दीन
(3) तानसेन
(4) गणपत राव भैया

67. Variation of pitch depends on –
(1) Magnitude
(2) Vibration
(3) Quality of different instruments
(4) Electronic sound

68. Which scale is appropriate to produce 'Harmony Music' on Piano ?
(1) Natural scale
(2) Major scale
(3) Minor scale
(4) Equally tempered scale

69. 'Equally tempered scale' come into existence for –
(1) Autophonic Instruments
(2) Membranophonic Instruments
(3) Fixed key Instruments
(4) Aerophonic Instrument

70. Conclusive part of 'Thumari' is rendered with –
(1) Paran
(2) Laggi Ladi
(3) Kayda
(4) Peshkar

71. Which among the following musicians was famous for Thumri ?
(1) Riyazuddin
(2) Fahimuddin
(3) Tansen
(4) Ganpat Rao Bhaiya

72. सिद्धेश्वरी देवी, किस सांगीतिक विधा की कलाकार थी ?

(1) कृति

(2) ध्रुपद

(3) ठुमरी

(4) रवीन्द्र संगीत

73. किस सांगीतिक शैली के, पूरब और पंजाब, दो प्रमुख अंग हैं ?

(1) ध्रुपद

(2) ख़याल

(3) चतुरंग

(4) ठुमरी

74. किस विद्वान ने 'उत्पत्तिवाद' के रूप में अपने रस-सिद्धान्त की पुष्टि की है ?

(1) भट्ट शंकुक

(2) भट्ट लोल्लट

(3) अभिनव गुप्त

(4) भट्ट नायक

75. नाट्यशास्त्र के किस अध्याय में रस की चर्चा की गई है ?

(1) 6

(2) 11

(3) 9

(4) 34

76. भरत ने कितने संचारी भावों का उल्लेख किया है ?

(1) 8

(2) 33

(3) 10

(4) 36

72. Siddheshwari Devi was an exponent of which musical form ?

(1) Kriti

